अमर उजाला

वाराणसी
बृहस्पतिवार, 26 दिसंबर 2024
पौष कृष्ण-एकादशी
विक्रम संवत-2081

क्रिकेट **बॉक्सिंग-डे टेस्ट आज से, मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया पर श्रेष्ठता दर्ज करने उतरेगा भारत**...स्पोर्ट्स

उत्तर प्रदेश

ची का शव।
है। संवाद

र्ज किया गया
व के कुछ
पोस्टमार्टम
काशी जोन

वाराणसी : लापता बच्ची की शिकायत करने गए पिता से दरोगा ने कहा दिखवाते हैं मामला, बोरे में मिला मासूम का शव, दुष्कर्म की आशंका

रामनगर (वाराणसी)। थाना क्षेत्र के एक इलाके से मंगलवार की शाम लापता आठ साल की बच्ची की निर्मम हत्या कर दी गई। बच्ची का शव बुधवार की सुबह बोरे में भरकर बहादुरपुर कंपोजिट विद्यालय के पास फेंका मिला। शव खून से लथपथ था। बच्ची की दुष्कर्म के बाद हत्या की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल ने देर शाम घटनास्थल का निरीक्षण किया। मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में सूजाबाद चौकी

चौकी इंचार्ज निलंबित

इंचार्ज उमेश राय को निलंबित कर दिया गया। आरोप है कि बच्ची के लापता होने की शिकायत दर्ज कराने गए पिता से चौकी इंचार्ज (दरोगा) ने टालने के अंदाज में कहा-मामला दिखवाता हूं। इसकी सूचना आला अफसरों को भी नहीं दी।

बताया जा रहा है कि बच्ची घर से मच्छर मारने की क्वायल लेने निकली थी, फिर नहीं लौटी। शव मिलने के बाद डॉग स्क्वॉड और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची।

टीम के सदस्यों ने साक्ष्य जुटाए हैं। दूसरी तरफ दो डॉक्टरों के पैनल से बच्ची का पोस्टमार्टम कराया गया। इसकी वीडियोग्राफी भी कराई गई है। पोस्टमार्टम से साफ हुआ कि बच्ची के सिर पर वजनी वस्तु से प्रहार किया गया था। बच्ची की बाईं तरफ की आंख में चोट के गंभीर निशान मिले हैं। गला दबाने के साक्ष्य भी सामने आए हैं। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ

पुलिस सक्रियता दिखाती तो बच जाती मासूम की जान

बच्ची की हत्या से क्षेत्र के लोगों में पुलिस के प्रति नाराजगी है। उनका आरोप है कि बच्ची के लापता होने की सूचना पुलिस को मंगलवार की रात ही दी गई थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके तेजी दिखाई होती तो मासूम की जान बच सकती थी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। बच्ची के परिजन सूजाबाद पुलिस चौकी गए। न्याय की गुहार लगाई। इसके बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। न ही मामले की जानकारी आला अफसरों को दी गई।

बच्ची की हत्या का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से जांच को आगे बढ़ा रही है। संवाद >> दो टीमें कर रही जांच, मौके पर पीएसी तैनात : पेज 7

दो टीमें कर रहीं जांच, पीएसी तैनात

अमर उजाला ब्यूरो

वाराणसी। प्राथमिक विद्यालय परिसर में बोरे में बच्ची का शव मिलने के बाद पुलिस अब पड़ोसियों से विवाद सहित अन्य बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है।

इसके लिए दो टीमें लगाई गई हैं। एहतियातन क्षेत्र में एक प्लाटून पीएसी तैनात कर दी गई है। पुलिस ने दो संदिग्धों को उठाया है। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। रामनगर पुलिस का कहना है कि जल्द ही घटना का खुलासा किया जाएगा। सीसीटीवी फुटेज में बालिका घर से दुकान की तरफ जाते दिख रही है, लेकिन लौटने का फुटेज नहीं मिला।

बच्चों की सूचना पर बच्ची के परिजन भागकर मौके पर पहुंचे और देखा कि खून से लथपथ शव पड़ा है।

रामनगर थाना क्षेत्र के सूजाबाद इलाके में रहने वाले ऑटो चालक की दूसरे नंबर की बेटी कक्षा एक में पढ़ती थी। मंगलवार की शाम 7 बजे वह घर से 300 मीटर की दूरी पर स्थित दुकान से मच्छर मारने की क्वायल लेने गई थी। देर तक नहीं लौटी तो परिजनों को चिंता हुई और उन्होंने खोजबीन शुरू कर दी।

जिस दुकान से बच्ची क्वायल लेने गई थी, वहां परिजन गए तो पता चला कि वह काफी देर पहले जा चुकी है। इससे परेशान परिजन सूजाबाद पुलिस चौकी पर गए और बेटी के गायब होने की सूचना दी। मंगलवार की रात 11 बजे डायल 112 पर सूचना दी। रात भर खोजबीन के बाद भी बच्ची का सुराग नहीं लग सका।

पिता के मुताबिक, मृत बेटी दूसरे नंबर की थी।

बच्ची की हत्या की सूचना मिलते ही एडिशनल सीपी डॉ. के. एजिलरसन, समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंच गए। देर रात सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि वाराणसी में 8 साल की बच्ची की अपहरण के बाद हत्या की घटना विचलित करने वाली है।

हाईवे के किनारे मिला किशोरी का शव

नियामताबाद(चंदौली)। अलीनगर थाना क्षेत्र कटरिया गांव के पास बुधवार को नेशनल हाईवे के किनारे एक किशोरी का शव मिला। किशोरी के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

अलीनगर थाना क्षेत्र के जफरपुरवा पुलिस चौकी क्षेत्र के एक गांव की किशोरी मंगलवार की देर शाम घर से कहीं गई थी। वह नहीं लौटी तो परिजन उसकी तलाश करने लगे लेकिन कहीं पता नहीं चला। अलीनगर थाना प्रभारी विनोद मिश्रा ने बताया कि परिजनों ने तहरीर दी है। मामले की जांच की जा रही है। संवाद